**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**06.12.2024/प्रादेशिक समाचार/रितेश कपूर/19.45 बजे**

**मुख्य समाचार'**

- मुख्यमंत्री ने महिला गृह रक्षकों को एक सौ 80 दिन का मातृत्व अवकाश देने और गृह रक्षा विभाग में रिक्त सात सौ पद भरने का किया ऐलान।
- प्राकृतिक खेती से तैयार मक्की के आटे को हिमभोग ब्रांड के नाम से बाजार में उतारेगी सरकार।
- संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अम्बेदकर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित–संविधान निर्माण में उनके योगदान को किया गया याद।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार को फिजूलखर्ची के बजाए जनहित कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने की दी सलाह।

**समाचार विस्तार से**

**होमगार्ड**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने महिला गृह रक्षकों को एक सौ 80 दिन का मातृत्व अवकाश देने और गृह रक्षा बल को सुदृढ़ करने के लिए सात सौ पद भरने का ऐलान किया है। होमगार्ड व नागरिक सुरक्षा के 62वें स्थापना दिवस पर आज शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर हुए राज्य स्तरीय समारोह की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में आपदा प्रबंधन, कानून व्यवस्था व आपातकालीन परिस्थितियों में होमगार्ड के जवानों का अहम योगदान है और ये जवान निस्वार्थ भाव से समाज की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने होमगार्ड के जवानों को बाहरी राज्यों में तैनाती के दौरान मिलने वाले भत्ते को 60 रूपए से बढ़ाकर पांच सौ रूपए प्रतिदिन करने का ऐलान भी किया, जिसके लिए आगामी बजट में प्रावधान किया जाएगा। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार राज्य आपदा प्रबंधन बल के आधुनिकीकरण के लिए प्रतिबद्ध है और जिला मुख्यालयों में ड्रोन केंद्र स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि एसडीआरएफ के पास इस समय पांच किलोग्राम क्षमता तक वजन उठाने में सक्षम ड्रोन है और आपदा प्रबंधन की दिशा में अधिक क्षमता वाले ड्रोन की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले होमगार्ड के जवानों को इस मौके पर सम्मानित किया।

**मक्की का आटा**

प्राकृतिक खेती से तैयार मक्की के आटे को राज्य सरकार हिमभोग ब्रांड के नाम से बाजार में उतारेगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में बताया कि इस ब्रांड का शुभारंभ जल्द किया जाएगा जिससे राज्य के मक्की उत्पादकों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से जुड़े लगभग 15 सौ किसान परिवारों से चार हजार क्विंटल से अधिक मक्की की खरीद की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गेहूं और मक्की का सर्वाधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान करने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य बन गया है। प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों से गेहूं 40 रूपए और मक्की 30 रूपए प्रति किलो की दर से खरीदी जा रही है।

## पुण्यतिथि

संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेदकर की 69वीं पुण्यतिथि पर आज उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनकी पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाई गई। शिमला के अम्बेडकर चौक में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि डॉक्टर अम्बेडकर एक महान राजनीतिज्ञ थे और भारतीय संविधान तैयार करने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका

निभाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि भीमराव अम्बेडकर ने देश में लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में अहम योगदान दिया।

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल, राज्य पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष आर.एस. बाली और अन्य गणमान्य लोगों ने भी इस मौके पर डॉक्टर अम्बेडर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

## पुण्यतिथि––राज्यपाल

इधर शिमला स्थित राजभवन में भी इस मौके पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया, जहां राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने भीमराव अम्बेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि डॉक्टर अम्बेडकर ने लोगों को सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास किए और जीवन पर्यन्त गरीबों, शोषितों और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए कार्य किया।

पत्रकारों से बातचीत में राज्यपाल ने शिमला में डॉक्टर भीमराव अम्बेदकर की पुण्यतिथि पर हुए राज्य स्तरीय समारोह के लिए उन्हें भेजे गए निमंत्रण में राज्य सरकार या नगर निगम द्वारा प्रोटोकॉल का ध्यान न रखे जाने पर नाराजगी जताई।

## सिकंदर कुमार

सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने राज्यसभा में हिमाचल में विज्ञान और प्रौद्योगिकी से जुड़े मुददे उठाए। उनके सवाल के जवाब में केंद्रीय विज्ञान व प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह ने बताया कि पिछले दो वर्षों में हिमाचल को नवोन्मेष और अवसंरचना को प्रोत्साहित करने के लिए लगभग 24 करोड़ रूपए की राशि आबंटित की गई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार हिमाचल में विज्ञान व प्रौद्योगिकी अवसंरचना निर्माण को सुदृढ़ कर रही है और हिमाचल को वित्त वर्ष 2022–23 में 10 करोड़ 45 लाख और वर्ष 2023–24 में 12 करोड़ 79 लाख रूपए की राशि आवंटित की गई है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि आई आई टी मंडी और एनआईटी हमीरपुर में नवोन्मेष केंद्रों की स्थापना की गई है। जितेन्द्र सिंह ने डॉक्टर सिकंदर कुमार को बताया कि हिमाचल में अब तक 69 अनुसंधान परियोजनाओं को सहायता प्रदान की गई है।

## नागरिक उड्डयन

इस बीच केंद्र सरकार ने हिमाचल को हवाई अडडों के विकास के लिए 2 सौ 13 करोड़ 52 लाख रूपए जारी किए हैं, जिनमें से इस वर्ष 31 अक्तूबर तक एक सौ 60 करोड़ 46 लाख रूपए की राशि का उपयोग किया गया है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने सांसद इंदु गोस्वामी के एक प्रश्न के उत्तर में राज्यसभा में बताया कि उडान योजना के तहत 29 राज्यों को अब तक लगभग पांच हजार दो सौ 79 करोड़ रूपए जारी किए जा चुके हैं।

इसके अलावा योजना के माध्यम से हवाई अड्डों, हैलीपोर्ट और वॉटर एरोड्रोमेस को स्तरोन्नत करने के लिए चार हजार पांच सौ करोड़ रूपए की राशि जारी की गई।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर जनहित की बजाए मुख्य संसदीय सचिवों को बचाने में करोड़ों रूपए की फिजूल खर्ची करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश उच्च न्यायालय ने सीपीएस को हटाने के आदेश दिए हैं लेकिन राज्य सरकार उन्हें बचाने का भरसक प्रयास कर रही है और वकीलों पर भारी भरकम खर्च किया जा रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार का ये रवैया दुर्भाग्यपूर्ण है और जब सीपीएस का कोई काम नहीं है तो सरकार क्यों परेशान है। विपक्ष के नेता ने राज्य सरकार को जनहित के कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी है।

**विक्रमादित्य**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि राज्य सरकार प्राथमिकता के आधार पर सड़कों का निर्माण कर रही है और प्रदेश के हर गांव को सड़क सुविधा से जोड़ने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि अपने दो वर्ष के कार्यकाल में राज्य सरकार ने लगभग एक हजार चार सौ किलोमीटर नई सड़कों का निर्माण किया है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत भी प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाया गया है।

लोक निर्माण मंत्री ने केंद्र सरकार से राजनीति से उपर उठकर हिमाचल को मदद करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने संसाधन जुटाने के लिए कोई प्रयास नहीं किया जबकि वर्तमान राज्य सरकार ने इस दिशा में ठोस प्रयास किए हैं। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में मात्र 20 हजार लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जबकि वर्तमान सरकार ने अपने दो वर्ष के कार्यकाल में ही 31 हजार लोगों को रोजगार दिया है।

**चंद्र कुमार**

पशुपालन मंत्री चंद्रकुमार ने आज कांगड़ा जिले के ज्वाली क्षेत्र की नगरोटा सूरियां–लंज सड़क के नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ किया। इस पर लगभग 10 करोड़ रूपए की लागत आएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर सड़क नेटवर्क से जोड़ा जा रहा है और सड़कों के सुधारीकरण पर विशेष बल दिया गया है। चंद्रकुमार ने बताया कि गज खड्ड पर 87 करोड़ रूपए की लागत से पुल का निर्माण किया जाएगा और बिजली की कम वोल्टेज की समस्या के समाधान के लिए नगरोटा सूरियां क्षेत्र में नए ट्रांसफार्मर लगाए जा रहे हैं।

**मुख्य समाचार एक बार फिर'**

- मुख्यमंत्री ने महिला गृह रक्षकों को एक सौ 80 दिन का मातृत्व अवकाश देने और गृह रक्षा विभाग में रिक्त सात सौ पद भरने का किया ऐलान।
- प्राकृतिक खेती से तैयार मक्की के आटे को हिमभोग ब्रांड के नाम से बाजार में उतारेगी सरकार।
- संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अम्बेदकर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित–संविधान निर्माण में उनके योगदान को किया गया याद।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार को फिजूलखर्ची के बजाए जनहित कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने की दी सलाह।